

## क्या आमिर खान वाकई करने जा रहे हैं तीसरी शादी?

आमिर खान ने हर किसी को उस वक्त हैरत में डाल दिया जब उन्होंने किरण राव से तलाक की घोषणा की। हाल ही में आमिर और किरण ने तलाक को लेकर जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया और इसी के साथ सोशल मीडिया पर चर्चा होने लगी कि ऐक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद वह तीसरी बार शादी के बंधन में बंधने की घोषणा कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान से जुड़े एक करीबी सूत्र ने ऐक्टर की तीसरी शादी का सच बताया है। उन्होंने इस बातचीत में बताया है कि आमिर खान की तीसरी शादी की खबरें सही नहीं हैं।
तीसरी शादी को लेकर यह सफाई तब आई है जब यह चर्चा काफी तेज हो गई कि आमिर खान अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद तीसरी बार शादी के बंधन में बंध सकते हैं। बता दें कि आमिर खान के तलाक के साथ ही उनका नाम दंगल की को–स्टार फातिमा सना शेख के साथ जोड़ा जाने लगा था। खबरें आने लगीं कि दोनों इस तलाक के बाद शादी रचाने जा रहे हैं। कुछ दिन पहले आमिर और एक्स वाइफ किरण तलाक के बाद भी अपकमिंग फिल्म को लेकर एकसाथ काम करते नजर आए ।

## वीर दास, सुष्मिता सेन, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के हाथ निराशा


इंटरनैशन एमी अवॉर्ड्स 2021 की घोषणा हो गई है। न्यूयॉर्क में आयोजित समारोह में पुरस्कारों की घोषणा हुई, लेकिन इसके साथ ही हिंदुस्तान के हाथ निराशा लगी है। ऐसा इसलिए कि वीर दास, सुष्मिता सेन और नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जहां अवॉर्ड में नॉमिनेशन मिलने के कारण हर भारतीय की बांछे खिल गई थीं, वहीं इन तीनों को असफलता हासिल हुई है। 23 नवंबर को एमी अवॉर्ड्स के 16 कैटेगरी में पुरस्कारों की घोषणा हुई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जहां उनकी फिल्म सीरियस मेन के लिए बेस्ट ऐक्टर का नॉमिनेशन मिला था, वहीं वीर दास की नेटफ्लिक्स की कॉमेडी स्पेशल वीर दास फॉर इंडिया को कॉमेडी कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। इसके अलावा राम माधवानी के डायरेक्शन में बनी सीरीज आर्या को बेस्ट ड्रामा कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। एमी अवॉर्ड्स 2021 को यवोन ओरजी के साथ कई दिग्गजों ने प्रजेंट किया। इसमें एडन क्विन, ब्रायन डीश्आर्सी जेम्स, वैनेसा विलियम्स, मेथड मैन, पाइपर पेराबो, एमराउड टूबिया, विल्सन क्रूज, फेलिप सैन्टाना और एंजेलिका शामिल हैं।

## प्रियंका चोपड़ा ने तलाक की अफवाह पर कर दी बोलती बंद



प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के बीच दरार और तलाक की खबरों के बीच निक जोनस ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसपर प्रियंका का कॉमेंट सबका ध्यान खींच रहा है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के बीच दरार और तलाक को लेकर चर्चा तब शुरू हो गई जब ऐक्ट्रेस ने सोशल मीडिया हैंडल से अपने नाम के आखिर में लगे चोपड़ा और जोनस दोनों को डिलीट कर दिया। इसी के साथ चर्चा शुरू हो गई कि कहीं दोनों तलाक तो नहीं ले रहे! अब निक जोनस के लेटेस्ट पोस्ट ने फैन्स को बड़ी राहत दे दी है। प्रियंका और निक जोनस के रिलेशन को लेकर उड़ रही अफवाहों के बीच ऐक्ट्रेस के हसबैंड ने कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिसपर देसी गर्ल भी कॉमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाईं। निक जोनस ने कुछ घंटे पहले ही अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में निक जिम में वर्कआउट करते नजर आ रहे हैं। निक को वर्कआउट करते देख प्रियंका ने उनके इस वीडियो पर कॉमेंट किया और लिखा– डैम, मैं तुम्हारी इन बाहों पर मर गई।

# पूनम, शर्लिन ने पैसे कमाने के लिए बनाए इरॉटिक वीडियोज



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*पोर्नोग्राफी केस में जमानत पर रिहा शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने अदालत से एक बार फिर गुहार लगाई है। राज कुंद्रा ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका देकर अग्रिम जमानत की मांग की है। इतना ही नहीं, अपनी याचिका में राज कुंद्रा ने सफाई देते हुए पूनम पांडे और शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद दोनों ही ऐक्ट्रेस की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। इसमें कहा गया है कि शर्लिन और पूनम ने पैसे कमाने की नीयत से इरॉटिक वीडियोज बनाए और इन वीडियोज से राज कुंद्रा का कोई लेना–देना नहीं है। राज कुंद्रा की अग्रिम जमानत अर्जी पर अब हाई कोर्ट में 25 नवंबर को सुनवाई होगी।*

**नहीं लागू होती है धारा 67 और 67 (ए)**

बीते हफ्ते केस की सुनवाई करते हुए अदालत ने सोमवार तक के लिए हीयरिंग टाल दी थी। हाई कोर्ट में कुंद्रा की कानूनी टीम से एडवोकेट प्रशांत पाटिल और एडवोकेट स्वप्निल अंबुरे पैरवी कर रहे हैं। लिखित नोट्स में राज कुंद्रा ने हाई कोर्ट से कहा है, वर्तमान अभियोजन में आवेदक या किसी अन्य सह–आरोपी के खिलाफ न तो धारा 67, न ही 67 (ए) के तहत कोई मामला बनता है।

**राज कुंद्रा का वीडियोज से कोई लेना-देना नहीं**

वकील स्वप्निल अंबुरे ने कहा, अभियोजन पक्ष अपनी तरफ से ये तर्क देना चाहता है कि शर्लिन चोपड़ा और पूनम पांडे के वीडियोज अपराध का विषय हैं। लेकिन यह बात रिकॉर्ड में है कि राज कुंद्रा की ऐसे वीडियोज बनाने या उनके डिस्ट्रिब्यूशन में कोई भूमिका नहीं है। सच तो यह है कि शर्लिन चोपड़ा और पूनम पांडे दोनों ने खुद इस तरह के इरॉटिक वीडियोज बनाए और उससे पैसा कमाया।

**कानून में सेक्सुअल ऐक्टिविटी की परिभाषा**

वकील प्रशांत पाटिल ने अपनी बात रखते हुए कहा, हमने कोर्ट में एक जजमेंट और एक छोटा सा नोट सौंपा है, जो यह बताता है कि ये वीडियोज आईटी ऐक्ट की धारा 67(ए) के तहत नहीं आते हैं। एक्सप्लिसिट का मतलब साफ तौर पर ऐसे कॉन्टेंट से है, जिसमें सेक्सुअल ऐक्टिविटी को विस्तार से दिखाया गया हो। ब्लैक्स लॉ डिक्शनरी में फिजिकल सेक्सुअल ऐक्टिविटी की परिभाषा है, इसमें कहा




गया है कि जब दो लोग सेक्सुअल रिलेशन में शामिल हों।

**हॉटशॉट्स के वीडियोज पर कही ये बात**

कुंद्रा के दोनों वकीलों का साफ–साफ कहना है कि उनके मुवक्किल का इस तरह के वीडियोज को बनाने, उनके प्रसारण करने या उन्हें बेचने के काम से कोई लेना देना नहीं है। वकीलों ने कहा कि जिन वीडियोज की बात हो रही है, वह इरॉटिक हो सकते हैं, लेकिन उनमें फिजिकल सेक्सुअल ऐक्टिविटी नहीं दिखाई गई है। वकीलों ने इसके साथ ही कहा कि हॉटशॉट्स पर जो भी इस तरह के कॉन्टेंट दिखाए गए हैं, वह तब के नहीं हैं, जब राज कुंद्रा उससे जुड़े हुए थे।

**शर्लिन और पूनम के आरोप बेबुनियाद**

वकीलों ने शर्लिन चोपड़ा और पूनम पांडे के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा, दोनों ऐक्ट्रेसेज के अपने खुद के ऐप हैं। दोनों के पाए ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जिसके जरिए वे अपने फैन्स के साथ बातचीत कर सकती थीं और इसके लिए सब्सक्रिप्शन लेना पड़ता था।

**25 को खत्म हो रही है राज कुंद्रा की जमानत अवधि**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने जुलाई में पॉर्न मामले में शर्लिन चोपड़ा और पूनम पांडे की अग्रिम जमानत स्वीकार कर ली थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने घोषणा की कि 20 सितंबर, 2021 तक दोनों के खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया जाएगा। ऐसा ही आदेश राज कुंद्रा के लिए भी दिया गया। उनकी जमानत बाद में 25 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। शर्लिन और पूनम दोनों ने आरोप लगाया है कि कुंद्रा ने उन्हें अडल्ट फिल्मों की शूटिंग के लिए मजबूर किया था।

# श्रद्धा आर्या की डायमंड रिंग पर अटकी नजर

*कुंडली भाग्य फेम श्रद्धा आर्या की खुशी इन दिनों सातवें आसमान पर है। बीते 16 नवंबर को श्रद्धा ने नेवी अफसर राहुल नागाल से दिल्ली में शादी की। शादी के समारोह में दोस्तों की टोली के साथ खूब मस्ती हुई। सोमवार देर रात श्रद्धा वापस मुंबई लौट आई हैं। शादी के बार एयरपोर्ट पर श्रद्धा की सुंदरता देख हर कोई उन्हें बस निहारता रहा।*



हंसती–खिलखिलाती श्रद्धा आर्या ने कभी पपाराजी को पोज दिया, तो कभी शरमाते हुए लाल चूड़े के पीछे अपना चेहरा छुपाया। लेकिन इस दौरान हर किसी की नजर श्रद्धा की डायमंड रिंग पर पड़ी, जो राहुल ने सगाई के वक्त उन्हें पहनाई है। शादी के बाद जहां श्रद्धा मुंबई लौट आई हैं, वहीं उनके पति राहुल साथ में नहीं दिखे। समझा जा रहा है कि वह कुछ दिनों में अपनी प्रियतमा के पास लौट आएंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है कि शादी के बाद श्रद्धा आर्या के चेहरे का नूर बढ़ गया है। ब्राइडल ग्लो में उनकी खुशी साफ झलक रही है। नई नवेली दुल्हन श्रद्धा आर्या शादी के बाद पारंपरिक अंदाज में भी दिखीं। उनके गले में मंगलसूत्र था, हाथों में लाल चूड़ा और उंगली में हीरे की खूबसूरत सी अंगूठी। श्रद्धा को पपाराजी पोज देने के लिए कह रहे थे। मेहंदी दिखाने को कह रहे थे। श्रद्धा खिलखिला रही थीं और शर्म से अपना चेहरा भी छुपा रही थीं। श्रद्धा आर्या ने शादी से पहले तक अपने होने वाले पति को दुनिया से छुपाकर रखा था। दिल्ली की रहने वाली श्रद्धा की शादी के कई वीडियोज और फोटोज पहले ही सामने आ चुके हैं। शादी में जहां स्टेज पर पहुंचते ही श्रद्धा ने राहुल ने उन्हें उठाने को कहा, वहीं होने वाले पतिदेव ने भी मौका पाते ही अपनी दुल्हन को बांहों में उठाया और स्टेज पर लेकर गए।
श्रद्धा इंस्टाग्राम पर काफी ऐक्टिव हैं और उन्होंने सगाई से लेकर मेहंदी सेरेमनी और रिसेप्शन की कई तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। श्रद्धा की विदाई का वीडियो भी काफी वायरल हुआ। विदाई के वक्त वह ठहाके लगाकर हंस रही थीं। श्रद्धा अपनी सहेलियों को चिढ़ा रही थीं कि तुमलोग अब मुझसे खूब जलना मेरे दोस्तों।